प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 22.05.2025**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के पांच स्टेशनों सहित देशभर के एक सौ तीन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का लोकार्पण किया।

2– बीजापुर–सुकमा जिले की सीमा पर आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक हार्डकोर माओवादी मारा गया।

3– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है।

4– मौसम विभाग ने कल प्रदेश में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>अमृत भारत स्टेशन योजना–01</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत छत्तीसगढ़ सहित अट्ठारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के छियासी जिलों में एक सौ तीन पुनर्विकसित अमृत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन स्टेशनों में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा और अंबिकापुर रेलवे स्टेशन भी शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में देश में आधुनिक सड़क और रेल बुनियादी ढांचा बनाने के लिए कई बड़ी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे से व्यापार, पर्यटन और औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा जीवन आसान होगा।

इस अवसर पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में परिवर्तनकारी सुधार हो रहे हैं।

रायपुर मंडल के अंतर्गत उरकुरा रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे एक अभूतपूर्व परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। अमृत भारत स्टेशन योजना केवल यात्री सुविधाओं के उन्नयन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**<u>अमृत भारत स्टेशन योजना–02</u>**

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के पांच स्टेशन अब रेलवे मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में शामिल हो गए हैं।

अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए।

वहीं, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भिलाई रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। इस स्टेशन को छब्बीस करोड़ बीस लाख रूपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है।

नागपुर मंडल के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन का भी आज उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में सांसद संतोष पांडेय उपस्थित थे।

गौरतलब है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित इन स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। इन स्टेशनों पर स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक देखने को मिल रही है। इन स्टेशनों में भव्य प्रवेश द्वार, हाईमास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

श्रोताओं, अमृत भारत स्टेशन योजना पर केंद्रित एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र प्रसारित करेंगे।

**प्रधानमंत्री–ऑपरेशन सिंदूर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट करके पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। राजस्थान के बीकानेर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को कार्रवाई करने की पूरी छूट दी थी, इससे तीनों सेनाओं को अपने लक्ष्यों को पूरा करने में मदद मिली और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान कभी भी भारत से प्रत्यक्ष युद्ध में नहीं जीत सकता, इसलिए वह आतंकवाद को बढ़ावा देकर छद्म युद्ध में शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को हर आतंकी हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। श्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा और न ही बातचीत होगी और बातचीत सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर केंद्रित होगी।

**माओवादी मुठभेड़**

बीजापुर–सुकमा जिले की सीमा पर आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक हार्डकोर माओवादी मारा गया है। घटनास्थल से माओवादी के शव के साथ हथियार बरामद किया गया है। इस मुठभेड़ में कोबरा बटालियन का एक जवान शहीद हो गया है। वहीं, एक अन्य जवान घायल हुआ है, जिसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर लाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुकमा और बीजापुर की सीमा से लगे तुमरेल में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर कोबरा बटालियन, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और स्पेशल टास्क फोर्स–एसटीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान तुमरेल के जंगल में मुठभेड़ हुई।

इससे पहले, कल नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में मारे गए सत्ताईस माओवादियों के शव को नारायणपुर पुलिस लाइन लाया गया। इनमें से दस माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है।

इस बीच, आज शाम रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है।

**जवान–श्रद्धांजलि**

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में कल मुठभेड़ और आईईडी विस्फोट की दो अलग–अलग घटनाओं में शहीद हुए जवानों – खोटलूराम कोर्राम और रमेश हेमला को आज नारायणपुर के शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी, जवान, परिजन और जनप्रतिनिधि सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

गौरतलब है कि कल अबूझमाड़ क्षेत्र के जाटलूर–कुड़मेल के जंगल में माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के जवान खोटलूराम कोर्राम शहीद हो गए थे। यह जवान नारायणपुर जिले के औरचा थाना क्षेत्र के भटबेड़ा गांव का रहने वाला था। वहीं, कल शाम ही माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से बीजापुर के रमेश हेमला भी शहीद हो गए थे।

**खेलो इंडिया बीच गेम्स**

केंद्रशासित प्रदेश दमन–दीव के घोघला बीच में उन्नीस से इक्कीस मई तक आयोजित पहले खेलो इंडिया बीच गेम्स में छत्तीसगढ़ की पुरूष और महिला मलखंभ टीम ने स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता के पहले एक दिन पुरुष टीम ने एक सौ चौबीस दशमलव पांच–पांच अंकों के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, दूसरे दिन महिला टीम ने अस्सी दशमलव छह–शून्य अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके अलावा पिरामिड प्रतियोगिता में भी छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम ने रजत पदक जीता है।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने प्रदेशभर में कल हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी में कमी आने के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

इस बीच, बलरामपुर जिले के मझौली, जोगियानी और सुलसूली गांव में कल शाम आकाशीय बिजली गिरने की अलग–अलग घटनाओं में चाचा–भतीजे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, तीन अन्य झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

– केन्द्र सरकार ने विश्व पर्यावरण दिवस से पहले आज राष्ट्रव्यापी जन–आंदोलन अभियान 'एक राष्ट्र–एक मिशनः प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' की शुरुआत की।

– समय–सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण का हवाला देते हुए पुलिस विभाग ने शनिवार को दी जाने वाली छुट्टी को अनिश्चितकालीन के लिए रद्द कर दिया है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक–डीजीपी की ओर से पत्र जारी कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>